# 2025

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड है : क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए है।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

## खण्ड – 'क'

**(वाचन – 10 अंक)**

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 1, 2 और 3 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4, 5 और 6 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में तथा प्रश्न-संख्या 7 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

**नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

हमारे जीवन में तरह-तरह की कठिनाइयाँ आती है। हमें घोर विपत्तियों का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी तो हमारी आँखों के सामने अन्धेरा छा जाता है। रास्ता नहीं सूझता और मौत ही नजर आती है। ऐसे में अगर मन मजबूत रहे, मन में आशा रहे, संघर्ष करने की प्रेरणा रहे तो हम जूझते चले जाते हैं। शरीर में शक्ति न हो, तब भी मन के जोर से हम उसे खींच लेते हैं। मार्ग मिल ही जाता है और अन्त में सफलता हमारे कदम चूमती है। यदि थोड़ी-सी कठिनाई सामने आने पर निराशा पैदा हो जाए तो हम जीवन में कोई काम नहीं कर सकते। इसलिए जीवन की जटिल समस्याओं को हल करने के लिए मजबूत मन की आवश्यकता होती है।

1. हमारे जीवन में किन चीजों का सामना करना पड़ता है? 2

2. कठिनाई आने पर हमारी मानसिक स्थिति कैसी होती है? 2

3. जीवन की विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए कौन-सी चीज की आवश्यकता होती है? 2

4. 'संघर्ष' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए। 1

5. 'जटिल' शब्द का विपरीतार्थक शब्द लिखिए। 1

6. उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखिए। 1

7. 'आवश्यकता' शब्द कौन-सी संज्ञा का शब्द है? 1

(क) जातिवाचक संज्ञा का (ख) समूहवाचक संज्ञा का

(ग) भाववाचक संज्ञा का (घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा का

## खण्ड - 'ख'
## (लेखन - 15 अंक)

8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लगभग 160 शब्दों में लिखिए : 8

(क) समय का सदुपयोग

(ख) मोबाइल फोन के लाभ तथा हानियाँ

9. मान लीजिए कि आप इम्फाल के एक प्रमुख समाचार-पत्र के रिपोर्टर हैं। आप जानते है कि मणिपुर में बेकारी की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इस समस्या के बारे में आप अपने समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम एक पत्र लगभग 150 शब्दों में लिखिए। 7

## खण्ड - 'ग'
## (व्याकरण - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 11 और 12 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13, 14 और 15 के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में तथा प्रश्न-संख्या 16 से 20 तक के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

10. भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं? किन-किन शब्दभेदों से भाववाचक संज्ञा बनाई जाती है? सोदाहरण उत्तर लिखिए। 1+2=3

11. मिश्रित वाक्य और संयुक्त वाक्य का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

12. लोकोक्ति किसे कहते हैं? लोकोक्ति का एक उदाहरण देकर उसका अर्थ लिखिए। 1+1=2

13. 'वि' उपसर्ग से बना एक शब्द लिखिए। 1

14. 'वान' प्रत्यय से बना एक शब्द लिखिए। 1

15. कृत् प्रत्यय का एक उदाहरण लिखिए। 1

16. निम्नलिखित में से 'आँखों का तारा' मुहावरे का अर्थ कौन-सा है? 1

(क) निठल्ला और मूर्ख (ख) अत्यन्त प्रिय

(ग) बहुत-अधिक फर्क (घ) कपटी मित्र

17. निम्नलिखित में से 'क्रोध के कारण सुध-बुध खो बैठना' अर्थ के लिए सही मुहावरा कौन-सा है? 1

(क) अपना उल्लू सीधा करना (ख) अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना

(ग) आकाश के तारे तोड़ना (घ) आप से बाहर होना

18. निम्नलिखित में से 'दाल में काला होना' मुहावरे का अर्थ कौन-सा है? 1

(क) किसी को किसी के विरुद्ध भड़काना (ख) किसी पर झूठे लांछन लगाना

(ग) कुछ संदेह या डर की बात होना (घ) बना हुआ काम बिगाड़ देना

19. निम्नलिखित में से 'अन्धों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ कौन-सा है? 1

(क) मित्र वही है जो विपत्ति में काम आए।

(ख) बहुत-से मूर्खों में थोड़ी बुद्धि वाले का भी सम्मान होता है।

(ग) घर की चीज की कदर नहीं होती।

(घ) दूसरों को उपदेश देने वाले बहुत होते है।

20. निम्नलिखित में से 'किसी का नुकसान न हो और काम भी हो जाए' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति कौन-सी है? 1

(क) ऊँची दुकान, फीका एकवान। (ख) कर सेवा, खा मेवा।

(ग) साँप मरे, न लाठी टूटे। (घ) छोटे मुँह, बड़ी बात।

## खण्ड - 'घ'

### (पद्य - 8+12 = 20 अंक)

21. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) हाय! मृत्यु का ऐसा अमर, अपार्थिव पूजन?
जब विषण्ण, निर्जीव पड़ा हो जग का जीवन।
स्फटिकसौध में हो श्रृंगार मरण का शोभन,
नग्न क्षुधातुर, वास-विहीन रहें जीवित जन?

अथवा

(ख) दूसरों की सहायता भी की कितनी बार।
व्यर्थ हुआ श्रम पा तो सके नहीं।
खर्च किया, फिर भी रहा जैसे का तैसा ही।
सारी दुनिया घूम आया तुम्हारे लिए दौड़-धूप करके।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 22 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 24 और 25 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 26 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 27 और 28 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

22. ग्यान प्रकास्या गुरु मिल्या, सो जिनि बीसरि जाइ।
जब गोविन्द कृपा करी, तब गुरु मिलिया आइ।।
— कबीरदास की उपर्युक्त साखी का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए। 4

23. 'उर्मिला' कविता में वर्णित उर्मिला की विरह-व्यथा का चित्रण कीजिए। 3

24. 'तोड़ती पत्थर' कविता में चित्रित पत्थर तोड़ने वाली महिला का चित्र स्पष्ट कीजिए। 2

25. बालक कृष्ण बलराम भैया के बारे में पिता नंद से क्या-क्या शिकायत करता है? 2

26. कबीरदास गुरु को ईश्वर से श्रेष्ठ क्यों समझता है? 1

27. भक्ति की निम्नलिखित शाखाओं में से कबीरदास को कौन-सी शाखा का प्रधान कवि माना जाता है? 1

(क) रामभक्ति शाखा का (ख) कृष्ण भक्ति शाखा का

(ग) ज्ञानमार्गी शाखा का (घ) प्रेममार्गी शाखा का

28. 'उर्मिला' कविता के रचयिता का नाम क्या है? 1

(क) सुमित्रानन्दन पंत
(ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
(ग) वीरेन्द्रकुमार भट्टाचार्य
(घ) मैथिलीशरण गुप्त

**खण्ड - 'ङ'**

**(गद्य - 25 अंक)**

29. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) मेरा मकसद तो इतना है कि चाहे हिन्दू हो, चाहे सिख हो, चाहे मुसलमान हो, जो मैं ने देखा है, वह किसी को न देखना पड़े और मरने से पहले मेरे घर के लोगों की जो गति हुई, वह परमात्मा न करे, किसी की बहू-बेटियों को देखनी पड़े।

अथवा

(ख) यदि हमें जीवित रहना है और सभ्यता की दौड़ में अन्य जातियों की बराबरी करनी है तो हमें श्रमपूर्वक उत्साह से साहित्य का उत्पादन और प्राचीन साहित्य की रक्षा करनी चाहिए।

30. निम्नलिखित पाठों में से किसी एक पाठ का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए : 7

(क) बदला

(ख) आज तो हिन्दी अपनों ही से हारी है

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 31 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 32 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 33 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 34 का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 35 और 36 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

31. 'मेरा बचपन' लेख के आधार पर लेखक के गाँव में मनाई गई रामलीला के बारे में लिखिए। 4

32. 'साहित्य की महत्ता' पाठ के आधार पर साहित्य के गुणों पर लेखक के विचार लिखिए। 3

33. किशोरावस्था शिक्षा के उद्देश्य क्या-क्या हैं? 2

34. हिन्दी के पक्षधर कौन-कौन हैं? 1

35. जीवन को सही दिशा प्रदान करने के लिए क्या करना चाहिए? 1

(क) नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए।
(ख) अच्छा और स्वादिष्ट भोजन करना चाहिए।
(ग) अच्छी शिक्षा दी जानी चाहिए।
(घ) अच्छी पुस्तकें पढ़नी चाहिए।

36. 'मेरा बचपन' पाठ के लेखक का नाम क्या है? 1

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ख) राजेन्द्र प्रसाद

(ग) अज्ञेय (घ) विद्यानिवास मिश्र

## खण्ड - 'च'

## (पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 37 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 38 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 39 और 40 के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 41 और 42 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 43 और 44 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

37. आनन्दी कौन थी? उसके चारित्रिक गुणों को स्पष्ट कीजिए। 1+3=4

38. मणिपुर का 'हियाङ् तान्नबा' खेल कैसे खेला जाता है? 3

39. मणिपुर में खेल-कूद का भविष्य उज्जवल करने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए? 2

40. आज हमारे देश में सब से आवश्यक और बुनियादी चीज किसको माना जा सकता है और क्यों? 2

41. 'काङ्द्रुम' कौन-सी चीज से बनता है? 1

42. प्रेमचन्द का जन्म कब हुआ था? 1

43. लमही गाँव बनारस शहर से कितना दूर है? 1

(क) करीब तीन मील (ख) करीब चार मील

(ग) करीब छ: मील (घ) करीब सात मील

44. किसी जाति की पहचान क्या है? 1

(क) अपना साहित्य (ख) अपने पारंपरीण खेल

(ग) अपनी संस्कृति (घ) अपनी वेश-भूषा

---